# अंतरजनपदीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में जिले की पुलिस टीम का दबदबा

**जागरण संवाददाता • श्रावस्ती :** बहराइच के इंदिरा गांधी स्टेडियम में पांच से सात जुलाई तक 43वीं अंतरजनपदीय बैडमिंटन क्लस्टर गोरखपुर जोन (बैडमिंटन और टेबल टेनिस) महिला-पुरुष प्रतियोगिता हुई। इसमें जिले की पुलिस टीम का दबदबा रहा। खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।



पुलिस कार्यालय में खिलाड़ियों को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी (बाएं) • जागरण

- बहराइच के इंदिरा गांधी स्टेडियम में पांच से सात जुलाई तक हुई महिला-पुरुष प्रतियोगिता
- पुलिस कार्यालय में एसपी ने खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर किया सम्मानित

सोमवार को पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने पुलिस कार्यालय में खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया और आगे भी बेहतर प्रदर्शन की अपेक्षा की गई है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रतियोगिता में श्रावस्ती पुलिस के छह खिलाड़ियों उपनिरीक्षक वीरांगना मिश्रा, महिला आरक्षी एकता पांडेय, शालू, मुख्य आरक्षी बेदानंद मिश्रा, सत्यम कुमार मिश्रा, आरक्षी अर्जुन बली आदि ने हिस्सा लिया था।

उपनिरीक्षक वीरांगना मिश्रा ने 40 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम स्थान और 50 वर्ष आयु वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आरक्षी एकता ने महिला टीम चैंपियनशिप और महिला ओपन डबल्स में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

आरक्षी शालू मिश्रा ने महिला ओपेन सिंगल्स, महिला ओपेन डबल्स, महिला टीम चैंपियनशिप में प्रथम स्थान हासिल किया। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने उच्च कोटि के प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों को बधाई देते हुए अन्य प्रतिभागियों को भी अपनी क्षमताओं को और निखारने की अपील की। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार आदि अन्य लोग मौजूद रहे।